झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, रांची–834001

महत्त्वपूर्ण सूचना

झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिविजन) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का कार्यक्रम

झारखण्ड लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–04/2013 के आलोक में झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिविजन) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित है:–

परीक्षा की तिथि	समय	पत्र	विषय	स्वरूप	पूर्णांक
13.04.2014	10.30 बजे पूर्वाह्न से 12.30 अपराह्ण तक (दो घंटे)	सिविल जज (जूनियर डिविजन) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा	I. General English II. General knowledge (including Current Affairs) III. The Code of Civil Procedure, 1908 IV. The Code Criminal Procedure, 1973 V. The Indian Evidence Act, 1872. VI. The Law of Contract, 1872. VII. The Indian Penal Code, 1860.	वस्तुनिष्ठ	100

संबंधित अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश, प्रवेश–पत्र एवं उपस्थिति पत्रक से संबंधित महत्त्वपूर्ण सूचनाऐं निम्नवत् है:–

1. इस परीक्षा के अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।
2. आयोग के बेवसाइट www.jpsc.gov.in पर प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल होने की व्यवस्था की गई है।
3. औपबंधिक (Provisional) प्रवेश पत्र एवं अनुदेश के साथ उपस्थिति पत्रक की प्रति आयोग के बेवसाइट से अभ्यर्थी डाउनलोड करेंगे।
4. आयोग के बेवसाइट पर दिनांक–23.02.2014 के अपराह्न से अभ्यर्थी प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक संबंधित लिंक पर अपना नाम तथा जन्म तिथि डालकर डाउनलोड कर सकते हैं। यदि आपको प्रवेश पत्र (Admit Card) प्राप्त करने में कठिनाई हो तो Helpline No. 0651–2213009 पर सम्पर्क करें।
5. यदि प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/रौल नं0 बार कोड पर (X) का चिन्ह आता है (जो इन्टरनेट स्पीड कम होने के कारण हो सकता है) तो प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करें।
6. यदि कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश बेवसाइट से अपना प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो वे आयोग के पूछताछ काउन्टर से दिनांक–02.04.2014 से दिनांक–04.04.2014 को कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

कृ0पृ0प0

7. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि बेवसाइट से डाउनलोड किये गए प्रवेश पत्र, उपस्थिति पत्रक एवं परीक्षा केन्द्र की जांच कर लें। यदि उनमें कोई त्रुटि हो तो आयोग के पूछताछ काउन्टर से दिनांक–03.03.2014 से दिनांक–10.03.2014 तक अवश्य सम्पर्क कर लिखित आवेदन देकर त्रुटि का सुधार करा ले। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

8. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि बेवसाइट से डाउनलोड किये गए प्रवेश–पत्र, उपस्थिति पत्रक अपने परीक्षा केन्द्र पर अवश्य साथ ले जायें अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा।

9. अभ्यर्थी आवेदन के समय अपलोड किये गए फोटो (Stamp size) की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति अपने साथ अपने परीक्षा केन्द्र पर अवश्य ले जायें।

10. अभ्यर्थीगण अपने उत्तर पत्रक/ओ0एम0आर0 शीट में आवश्यक जानकारियाँ प्रविष्ट करने के पूर्व प्रवेश पत्र, ओ0एम0आर0 शीट के पार पृष्ठ पर अंकित अनुदेशों को भलिभाँति पढ़कर ही प्रविष्ट करें।

11. परीक्षा केन्द्र परिसर में मोबाइल फोन या अन्य कोई Electronic उपकरण (Gadget) रखने की अनुमाति नहीं है। अतः अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अपने परीक्षा केन्द्र पर कागज/पर्ची मोबाइल फोन सहित प्रतिबंधित वस्तुएँ यथा बैंग, पाठ्य पुस्तिकाएँ, खाद्य–सामग्री, पानी की बोतल एवं हथियार इत्यादि साथ नहीं लायें। इन अनुदेशों का उल्लंधन किये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ भविष्य में होनेवाली परीक्षाओं में बैठने पर रोक सहित दंडात्मक/अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

12. परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा आरम्भ होने की निर्धारित अवधि से 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में पहुँचकर अपनी निर्धारित सीट पर बैठ जायें। परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय के पश्चात् आनेवाले परीक्षार्थी परीक्षा भवन में प्रवेश के अधिकारी नहीं होंगे। केन्द्राधीक्षक विशेष परिस्थितियों में नियत समय से 15 मिनट विलम्ब तक आने वाले परीक्षार्थी को स्वविवेक से प्रवेश की अनुमति दे सकते हैं, किन्तु 15 मिनट के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा–भवन में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

13. अस्वीकृत आवेदनों की सूची आयोग के बेवसाइट www.jpsc.gov.in पर दिनांक–**23.02.2014** के अपराह्न से उपलब्ध होगी।

14. अस्वीकरण के प्रति अपील, यदि कोई हो तो अपील आवेदन स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से दिनांक–10.03.2014 तक कार्य दिवस में प्राप्त की जायेगी। अपील आवेदन अपने नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, मोबाईल नम्बर या Email ID के साथ **परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, रांची–834001** के पते पर भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त अपील पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

15. अभ्यर्थियों के निमित्त परीक्षा संबंधी सह सामान्य निर्देश आयोग के बेवसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

21/02/14

सचिव

झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रांची।